हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार 9 जुलाई 2026

11 शहर में सीवर लाइनों के ब्लॉकेज ने बढ़ाई...


12 स्वास्थ्य मंत्री ने अटेली में 20 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात


## दोपहर अचानक छाई काली घटाएं, रुक-रुककर हल्की बारिश से मौसम सुहावना

### दिन में पसीने से तरबतर रहे लोगों को बारिश के बाद मिली उमस भरी गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल/महेंद्रगढ़

बुधवार दोपहर बाद अचानक आसमान में काली घटाएं छा गईं और शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुक कर हल्की बारिश हुई। बारिश से पहले तेज धूप और उमस के कारण लोग पसीने से तरबतर हो रहे थे, लेकिन बूंदाबांदी शुरू होते ही मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत महसूस की। हल्की बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, वहीं ठंडी हवाएं चलने से वातावरण खुशनुमा हो गया। कई लोग घरों और कार्यालयों से बाहर निकलकर मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की फिसलन और जलभराव की स्थिति भी बनी, लेकिन बारिश अधिक देर तक नहीं चली। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों के साथ-साथ आम लोगों के चेहरों पर भी राहत नजर आई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है।



महेंद्रगढ़। बारिश से होकर गुजरती महिला। फोटो : हरिभूमि

#### मौसम में आई ठंडक ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई

जिले में शहर व आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही भारी उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। दिनभर वातावरण में नमी अधिक होने से लोग पसीने से तरबतर रहे। घरों से लेकर बाजारों और कार्यालयों तक हर जगह लोग उमस भरी गर्मी से परेशान दिखाई दिए। हालांकि दोपहर में मौसम ने अचानक करवट बदली और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बादलों की आवाजाही शुरू हो गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जगी। कुछ ही देर बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण तापमान नीचे आया और पूरे क्षेत्र में ठंडी हवाएं चलने लगी। इससे मौसम काफी सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। कई दिनों से लगातार पड़ रही उमस भरी गर्मी के कारण लोग परेशान थे। बारिश के बाद मौसम में आई ठंडक ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी।

#### बच्चे बारिश में भीगते और खेलते आए नजर

वहीं बच्चों में बारिश को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर बच्चे बारिश में भीगते और खेलते नजर आए। पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर भी मौसम का आनंद लेने के लिए लोगों की भीड़ दिखाई दी। दिनभर की उमस के कारण बिजली की खपत भी अधिक रही। लोग लगातार पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर का उपयोग कर रहे थे, लेकिन उमस के कारण उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिल रही थी। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से लोगों को प्राकृतिक ठंडक का एहसास हुआ। शाम के समय बाजारों में भी रौनक बढ़ गई और लोग घरों से बाहर निकलकर सुहावने मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। वहीं चाय और पकौड़ों की दुकानों पर भी लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

#### आज व कल बारिश की संभावना

*मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में मौसम प्रणालियों के संयुक्त असर से हरियाणा, एनसीआर दिल्ली में आने वाले दो दिनों तक मानसून गतिविधियां, तेज गति की हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश व बूंदाबांदी की सम्भावना बन रही है।*

---

### खबर संक्षेप

#### लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का लगाया आरोप

**महेंद्रगढ़।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा रिवासा के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने और बैंक में गिरवी रखी गई जमीन को मिलीभगत कर बेचने का एक गंभीर मामला सामने आया है। बैंक के अधिकृत पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर एवं मैनेजर कृष्ण कुमार ने इस संबंध में शहर थाना के सिटी इंचार्ज को नामजद आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार 20 अप्रैल 2015 को किसान क्रेडिट कार्ड स्कीम के तहत सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक से आरोपित ने 2,20,000 रुपये का लोन लिया था।

#### परीक्षा केंद्रों के पास रहेगी निषेधाज्ञा लागू

**नारनौल।** जिलाधीश एवं उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बुधवार को एक आदेश पारित कर जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नकल रहित परीक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कड़े निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। यह आदेश नौ जुलाई को होने वाली वरिष्ठ माध्यमिक व 10 जुलाई से 18 जुलाई तक चलने वाली माध्यमिक कंपार्टमेंट और अतिरिक्त विषय की परीक्षाओं को ध्यान में रखकर जारी किए गए हैं।

#### एनएच 152 डी पर कट बनाने में देरी से रोष

**नारनौल।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर बाघोत-सेहलंग के बीच में चढ़ने व उतरने के लिए कट बनाने में सरकार व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से की जा रही देरी को लेकर इलाके के लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। इस सम्बन्ध में बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने स्थानीय विधायक एवं मंत्री आरती सिंह राव व केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेजकर कट का काम तत्काल शुरू कराने की मांग की है। कट बनाने की घोषणा केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने की थी।

---

### कानूनगो व पटवार सर्किलों के पुनर्गठन के बाद योजना को लागू करने की तैयारी

## जिला कैडर समाप्त करने की आहट से पटवारियों में असमंजस

**पूरे प्रदेश में बढ़ेंगे कानूनगो एवं पटवार सर्किल**

**पटवारियों के लिए जिला की बजाय स्टेट कैडर व्यवस्था लागू करने की योजना पर शीघ्रता से काम किया जा रहा है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

हरियाणा सरकार भू-राजस्व प्रशासन को और अधिक पारदर्शिता तथा जवाबदेही बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव की तैयारी में है। जिसके चलते पटवारियों के लिए जिला की बजाय स्टेट कैडर व्यवस्था लागू करने की योजना पर शीघ्रता से काम किया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद पटवारियों की सेवाएं किसी एक जिले तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि आवश्यकता के अनुसार उनका तबादला प्रदेश के किसी भी जिले में किया जा सकेगा। इस व्यवस्था से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने, भू-राजस्व सेवाओं में सुधार लाने और लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती से उत्पन्न होने वाली समस्या कम हो सकेगी।

वर्तमान समय में हरियाणा में पटवारियों की नियुक्ति जिला स्तरीय कैडर के मुताबिक होती रही है। इसी कारण अधिकांश कर्मचारी वर्षों तक एक ही जिले या क्षेत्र में कार्यरत रहते थे। कई बार यह व्यवस्था चुनौतियां भी पैदा करती रही है। स्टेट कैडर लागू करने की आहट से प्रदेशभर के पटवारी असमंजस की स्थिति में हैं। उनका मानना है कि इससे जिला कैडर की व्यवस्था समाप्त हो जाएगी और सभी पटवारी राज्य सरकार के अधीन एकीकृत कैडर का हिस्सा बन जाएंगे। इससे जरूरत के अनुसार विभिन्न जिलों में उनका स्थानांतरण करना आसान होगा।

#### पटवार कानूनगो एसोसिएशन ने जताई आपत्ति



इस बारे में पटवार कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान शमशेर सिंह पटवारी ने कहा कि स्टेट कैडर व्यवस्था लागू करने से पटवारियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिला कैडर के चलते सम्बंधित जिले का पटवारी घटना-दुर्घटना, बाढ़-भूकंप आदि के समय तत्काल मौके पर पहुंचकर हालात के मुताबिक स्थिति पर काबू पाया जा सकता है, जबकि प्रदेश स्तर पर बदली होने से लंबे समय के बाद उन्हें भौगोलिक जानकारी होगी। अधिक समय से कार्यरत पटवारियों को जिले की अन्य तहसील में स्थानांतरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कनीना में 19 पटवार सर्किल के स्थान पर 33 पटवार सर्किल तथा दो कानूनगो सर्किल के स्थान पर चार कानूनगो सर्किल की सूची सरकार को भेजी गई है। पूरे प्रदेश में कानूनगो एवं पटवार सर्किल बढ़ेंगे।

#### कानूनगो व पटवार सर्किलों का भी हो रहा पुनर्गठन

राज्य सरकार ने हाल ही में कानूनगो एवं पटवार सर्किलों के पुनर्गठन की प्रक्रिया भी शुरू की है। नई व्यवस्था के तहत अब केवल भूमि क्षेत्रफल को आधार नहीं बनाया जाएगा, बल्कि संबंधित क्षेत्र की आबादी और कार्यभार को भी ध्यान में रखते हुए नए पटवार सर्किल निर्धारित किए जा रहे हैं। लगभग 1500 से 2500 एकड़ के दायरे व स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नए सर्किल तैयार किए जा रहे हैं, जिससे राजस्व कार्यों का बेहतर प्रबंधन संभव हो सके।

#### कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की उम्मीद

सरकार का मानना है कि नियमित तबादला व्यवस्था लागू होने से भू-राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी बनेगी। लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती के कारण उत्पन्न होने वाली शिथिलता और स्थानीय स्तर पर प्रभाव की गुंजाइश भी कम होगी। नई व्यवस्था से विभाग में जवाबदेही बढ़ने के साथ-साथ आम नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है।

#### नवनियुक्त पटवारियों को भी मिलेगा लाभ

हरियाणा में हाल ही में लगभग 2700 नवनियुक्त पटवारियों ने अपनी सेवाएं शुरू की हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि पटवारियों की एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि को उनकी नियमित सेवा का हिस्सा माना जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

---

## ताऊ का हत्यारा भतीजा रोहतक से गिरफ्तार

**तिगरा में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात**

***पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की कर रही गहनता से जांच***

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव तिगरा में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पारिवारिक विवाद के चलते अपने ही ताऊ की जान लेने वाले आरोपित भतीजे धर्मवीर को पुलिस ने रोहतक से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गांव तिगरा में मामूली पारिवारिक अनबन ने उस समय खूनी रूप ले लिया, जब धर्मवीर ने अपने ही ताऊ पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजन उसे पहले महेंद्रगढ़ फिर इलाज के लिए रोहतक लेकर गए। वहीं आरोपित भी अपने ताऊ के इलाज के लिए उनके साथ गया हुआ था। जहां इलाज के दौरान ताऊ की मौत हो गई। अटेली पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों व सूचनाओं के आधार पर मुख्य आरोपित धर्मवीर को रोहतक से दबोच लिया।




मंडी अटेली। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित धर्मवीर। फोटो : हरिभूमि

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित को स्थानीय अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने इससे पूर्व मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया था। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है, ताकि घटना के कारणों का पूर्ण खुलासा किया जा सके।

---

## इस बार शनिवार-रविवार को भी काम निपटाएगा राजस्व विभाग

**पेपरलेस रजिस्ट्री सर्वोच्च प्राथमिकताः डीसी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अभी जल्द ही इसकी समीक्षा होगी। ऐसे में अधिकारी सभी पेंडिंग काम जल्द से जल्द निपटाएं। डीसी बुधवार को लघु सचिवालय में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के इस सबसे अहम प्रोजेक्ट को लेकर जिला में काफी सजगता से काम हो रहा है। वर्तमान में जिला में 48 घंटे के अंदर-अंदर ही पेपरलेस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप आमजन के काम समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरे हों। उन्होंने बताया कि जिले में ऑटो म्यूटेशन का कार्य काफी सराहनीय रहा है और महेंद्रगढ़ इस मामले में पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर बना हुआ है। इस रैंकिंग को और ऊपर ले जाने तथा आम जनता के काम को सुगम बनाने के लिए प्रशासन की ओर से अब विशेष कदम उठाए जाएंगे। इसी कड़ी में आने वाले शनिवार व रविवार को भी राजस्व विभाग की टीमें लंबित पड़े इंतकाल तथा म्यूटेशन से जुड़े सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएंगी। इस बैठक में एसडीएम अनिरुद्ध यादव, डीएमसी रणवीर सिंह, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार मौजूद थे।

---

## 77 दवा दुकानों का निरीक्षण, 10 के लाइसेंस किए निलंबित

- **नशाखोरी के खिलाफ सरकार की मुहिम** नशा तस्करों की गुप्त सूचना देने के लिए डायल करें हेल्पलाइन नंबर 1933
- युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने के लिए जिला प्रशासन सतर्क : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सरकार ने युवा पीढ़ी को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने के लिए व्यापक अभियान चला रखा है। खुद मुख्यमंत्री समय-समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन भी लगातार इस अभियान में जुटा हुआ है। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने बुधवार को लघु सचिवालय में आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान तथा नार्कोड की बैठक में कही। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक भी मौजूद रहे।



नारनौल। बैठक लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि नागरिक नशा तस्करी, अवैध बिक्री या संदिग्ध स्थलों से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1933 पर कॉल करके साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अंतर-राज्यीय बॉर्डर पर स्थित होने के कारण यह क्षेत्र संवेदनशील है। जिला प्रशासन द्वारा नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए की गई कार्रवाई का ब्यौरा देते हुए उन्होंने बताया कि जून में चलाए गए एक विशेष चेकिंग अभियान के अंतर्गत कुल 71 दवा दुकानों का सघन औचक निरीक्षण किया गया है। इस दौरान नियमों की गंभीर अवहेलना और अनियमितताएं पाए जाने पर 10 दवा दुकानों के लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। इसके बाद एडीसी ने चिन्हित अपराधों को लेकर भी एक बैठक ली। उन्होंने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने विस्तृत कार्यसूची जारी की है।

#### महाविद्यालय और विद्यालयों में होंगे रचनात्मक कार्यक्रम

जिले के प्रत्येक महाविद्यालय और विद्यालय द्वारा समय-समय पर छात्र-छात्राओं के बीच नशा मुक्ति को प्रोत्साहित करने वाली भाषण प्रतियोगिताएं, ज्ञानवर्धक नाट्य मंचन, रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर निर्माण जैसे रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि भविष्य की पीढ़ी में इस लत के खिलाफ जागृत हो। ग्रामीण अंचलों में इस अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को प्रत्येक गांव में नशा रोकथाम कार्यक्रम चलाने की सीधी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा माई युवा भारत विभाग के माध्यम से गांवों तथा कस्बों में युवक-युवतियों के विशेष समूह गठित किए जाएंगे। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने विभाग द्वारा इस बारे में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। इस बैठक में एसडीएम अनिरुद्ध यादव, जेल अधीक्षक संजय बांगड़, डीए गुलदेव कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

---

### संबंधित विभाग या ठेकेदार की ओर से नहीं दी जा रही कोई स्पष्ट जानकारी

## दो हफ्तों से ठप फैजाबाद-मोहनपुर सड़क निर्माण, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

फैजाबाद से वाया सिहमा से मोहनपुर तक बनाए जा रहे सड़क मार्ग का निर्माण कार्य पिछले करीब दो हफ्तों से बाधित है। निर्माण कार्य अचानक रुक जाने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय सिहमा से लेकर खासपुर तक सड़क को पूरी तरह उखाड़ दिया गया है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन बेहद कठिन हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। यह सड़क मार्ग क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले दो हफ्तों से निर्माण कार्य बंद पड़ा है, लेकिन संबंधित विभाग या ठेकेदार की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। न तो काम शुरू होने की कोई तारीख बताई जा रही है और न ही देरी का कारण स्पष्ट किया जा रहा है।



मंडी अटेली। सिहमा में टूटी सड़क को दिखाते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### यह कहते हैं एसडीओ

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ जितेंद्र ने बताया कि तारकोल की सप्लाई में दिक्कत आने के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ था। अब ठेकेदार से बातचीत हो चुकी है। एक से दो दिनों के भीतर काम फिर से शुरू कर दिया जाएगा। यह पुरानी सड़क है जिसे तोड़कर दोबारा दो लेयर में तैयार किया जा रहा है। जहां तक कार्य पूरा हो चुका है, वहां दो लेयर डाली जा चुकी हैं। इस निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए ठेकेदार को छह माह का समय दिया गया है।

#### 13 करोड़ में तैयार हो रही सड़क

फैजाबाद से मोहनपुर तक इस सड़क का निर्माण लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसके लिए ठेकेदार को छह माह का समय निर्धारित किया गया है। हालांकि जहां तक कार्य पूरा हो चुका है वहां सड़क की दो लेयर तैयार कर उसे लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है, लेकिन बीच के हिस्सों में अधूरा काम लोगों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि काम चरणबद्ध तरीके से किया जाता तो इतनी परेशानी नहीं होती, लेकिन पूरी सड़क को एक साथ उखाड़कर छोड़ देने से आवागमन लगभग ठप हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम शिकायत पत्र भेजेंगे।

---

## सीआईए ने 70.300 किलो चूरापोस्त सहित दो आरोपित किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सीआईए ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सफलता हासिल करते हुए ट्रक से 70 किलो 300 ग्राम चूरापोस्त सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान रशपाल व गुरुबाज निवासी महस थाना नाभा जिला पटियाला (पंजाब) के रूप में हुई है। जिसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना नांगल चौधरी में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 70 किलो 300 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ एवं वाहन को नियमानुसार कब्जे में लेकर आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दोनों आरोपितों को नियमानुसार गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से आगे की पूछताछ एवं कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशा तस्करी जैसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



नारनौल। चूरापोस्ट के साथ गिरफ्तार आरोपित। फोटो : हरिभूमि

## दुकानदारों में मची अफरा-तफरी, दुकानों के आगे सड़क और फुटपाथ तक सामान फैलाकर कर रखा था कब्जा

### अधिकारी बोले..सार्वजनिक हित में चलाया अभियान, किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

# नगर पालिका ने महेंद्रगढ़ में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में लंबे समय से सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका ने बुधवार को व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान मुख्य बाजार, व्यस्त सड़कों और सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अभियान शुरू होते ही उन दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई, जिन्होंने अपनी दुकानों के आगे सड़क और फुटपाथ तक सामान फैलाकर कब्जा कर रखा था। जानकारी के अनुसार नगर पालिका की टीम दोपहर निर्धारित समय पर शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में पहुंची।

टीम ने सबसे पहले उन दुकानों के बाहर रखे गए सामान, टीन शेड, अस्थायी ढांचे और अन्य अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की, जो सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रहे थे। कई दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सार्वजनिक हित में चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


महेंद्रगढ़। बाजार में रेहड़ी उठाकर ट्राली में डालते कर्मचारी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या बनी हुई थी। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों की सीमा से बाहर तक सामान फैला रखा था, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई थी। इसके कारण वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार जाम की स्थिति भी बन जाती थी, जिससे लोगों का समय बर्बाद होता था और दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी।

### चेतावनी के बाद भी नहीं हटाया अतिक्रमण

नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पहले संबंधित दुकानदारों को कई बार चेतावनी जारी की थी। इसके बावजूद कई लोगों ने कब्जा नहीं हटाया, जिसके चलते मजबूरन अभियान चलाना पड़ा। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों और फुटपाथों पर किसी भी व्यक्ति को कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। शहर को व्यवस्थित और यातायात सुगम बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अभियान के दौरान ट्रैक्टर की मदद से सड़क किनारे रखे सामान हटाया गया। नगर पालिका कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर रखे गए सामान को भी हटवाया। कुछ दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान समेट लिया, जबकि कई स्थानों पर टीम को सख्ती भी दिखानी पड़ी। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से अतिक्रमण के कारण बाजार क्षेत्र में आवागमन प्रभावित हो रहा था। अब सड़कें खुलने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को राहत मिलेगी। कई नागरिकों ने मांग की कि नगर पालिका समय-समय पर ऐसे अभियान चलाती रहे ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। aनगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में फिर से सड़क या फुटपाथ पर कब्जा किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ जुर्माने सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील की और कहा कि सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई

अभियान के बाद बाजार क्षेत्र में सड़कें पहले की तुलना में अधिक खुली नजर आईं। प्रशासन का मानना है कि इस कार्रवाई से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और आम लोगों को होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आगे भी नियमित रूप से अभियान चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों की टीम ने पौधे वितरित किए

**नारनौल।** मिशन महेन्द्रगढ़ अपना जल अभियान एवं लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ, महिला योग समिति सदस्यों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुडा सेक्टर में 101 पौधों का वितरण व सामुदायिक स्थानों पर रोपण किया। प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. कृष्णा आर्या के संयोजन में आयोजित इस पौधा वितरण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की टीम ने लहरोदा नर्सरी से पौधे लाकर हुडा सेक्टर में योग साधकों, राहगीरों व प्रातःकालीन घूमने वालों को वितरित किए। आर्या ने बताया कि उनके द्वारा लगभग 22 हजार 800 पौधे अभी तक लगाए जा चुके हैं और इस बरसात के मौसम में एक हजार पौधे और लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### यदुवंशी कॉलेज ने सीए इंटरमीडिएट में रचा इतिहास

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज की वाणिज्य संकाय के छात्र आयुष शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा ने सीए इंटरमीडिएट. 2026 में किया क्वालीफाई। वाणिज्य संकाय के प्रमुख देवेन्द्र कुमार ने बताया कि सीए इंटरमीडिएट का पेपर हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर आईसीएआई की ओर से आयोजित करवाया जाता है। जिसमें यदुवंशी के एक छात्र ने क्वालीफाई किया। संस्था के चैयरमेन व पूर्व विधायक नांगल चौधरी राव बहादुर सिंह ने बच्चों को बधाई दी। सीईओ तनीष राव, संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।



### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नारनौल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत अधिवक्तागण, योगा ग्रुप एवं सीनियर सिटीजन के सहयोग से पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से बुधवार को सुभाष पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. रितु वाईके बहल ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी व न्यायाधीशगण एवं जिला प्रशासन से एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने पौधारोपण किया।

---

### दूषित वातावरण में लोगों को सांस लेना दुर्भर, संक्रमित बीमारियों का बढ़ा खतरा

# शहर में सीवर लाइनों के ब्लॉकेज ने बढ़ाई आमजन की परेशानी

*सार्वजनिक टंकियों व मंदिर मार्ग पर सीवर का पानी भरने से लोगों में आक्रोश*

- समाधान की प्रक्रिया विभागीय फाइलों में अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नगर पालिका में सीवर लाइन के ब्लॉकेजों ने शहर वासियों की परेशानी बढ़ा दी है। धार्मिक स्थल व शैक्षणिक संस्थानों के रास्तों पर सीवर का पानी भरा हुआ है। जिससे दुर्गंधमयी वातावरण की स्थिति उत्पन्न हो गई, लोगों को सांस लेना दुर्भर हो गया तथा संक्रमित बीमारियां पनपने की चिंता सताने लगी है। समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत करवा दिया।

इसके बावजूद बीते छह महीने से स्थिति यथावत बनी हुई है। ऐसे में बारिश के पानी के साथ गंदगी घरों में घुसने का बना हुआ है। आपको बता दें कि नांगल चौधरी को 13 वार्डों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक वार्ड में पाइप दबाकर लोगों को सीवर की सुविधा मुहैया करवा दी। गंदगी का निकास कृष्णावती नदी में किया गया है, ताकि पाइप ब्लॉकेज की समस्या नहीं रहे, लेकिन पाइपों पर्याप्त ढलान नहीं दिया, जिस कारण पानी का निकास प्रेशर से नहीं होती। होदी में थोड़ा कचरा पड़ते ही पानी का बहाव रूक जाता है तथा गंदगी बाहर आने लगती है। शहर के वार्ड-10, वार्ड-11, वार्ड-पांच समेत कई प्वाइंटों पर सीवर लाइन ब्लॉकेज है। नोलाजा-नांगल चौधरी सड़क मार्ग पर लाइन धंसने तथा सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या बनी हुई है। इसी रास्ते पर गर्ल्स स्कूल, सरस्वती स्कूल, बाबा मुकुंददास मंदिर, पैक्स कार्यालय, शनि मंदिर व कई कोचिंग सेंटर संचालित हैं।



नांगल चौधरी। शहर के वार्ड-10 में भरा सीवर ब्लॉकेज का दूषित पानी व नोलाजा सड़क मार्ग पर बहता सीवर ओवरफ्लो का पानी।

रोजाना दो हजार से अधिक विद्यार्थी आवागमन करती हैं, इस दौरान फिसलन के चलते गिरने व कपड़े खराब होने का खतरा बना रहता है। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालू इसी टंकी से पानी भरते हैं, यहां दूषित पानी भरा होने के कारण पवित्रता प्रभावित होती है।

परेशान दुकानदारों ने नपा व पब्लिक हेल्थ विभाग को समस्या से अवगत करवा दिया, लेकिन 20 दिन बीतने के बावजूद उन्होंने अभी तक सीवर के पाइप की ब्लॉक को दुरुस्त नहीं कराया। अब बारिश में रास्तों का पानी भी सीवर में ही जाएगा, ऐसे में ओवरफ्लो गंदगी लोगों के घरों में घुस सकती है। परेशान शहरवासियों ने तत्परता पूर्वक समाधान की गुहार लगाई है।

**होदी में थोड़ा कचरा पड़ते ही रूक जाता पानी का बहाव व बाहर आने लगती गंदगी**

### बुजुर्ग व महिलाओं की बढ़ी परेशानी

पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सोनू तंवर, बाबूलाल नसीर, प्रीतम कुमार, मोनू कुमार, संजय शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक टंकियों के पास सीवर ब्लॉक होने के कारण पूरी सड़क पर जलभराव रहता है। इसी सड़क से स्कूल व कॉलेज जाने वाली छात्राओं का आवागमन रहता है, वाहनों की स्पीड से कीचड़ उछलने उनके कपड़े खराब होने की समस्या बढ़ गई। कई छात्राएं व बुजुर्ग लोग जलभराव में फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। समाधान के लिए लोग कभी नपा कार्यालय, तो कभी जनस्वास्थ्य विभाग के चक्कर लगा रहे हैं।

### सीवर व्यवस्था खराब होना संज्ञान में जल्द कराएंगे समाधान

*पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि नांगल चौधरी के कई वार्डों में सीवर लाइन ब्लॉकेज होने की शिकायत संज्ञान में है। समाधन के लिए संसाधनों का प्रबंध किया जा रहा है। जल्द ही शहरवासियों को दुरुस्त व्यवस्था मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि एसटीपी निर्माण की प्रक्रिया चल रही है।*



### भारत विकास परिषद ने बच्चों को बांटी स्टेशनरी

**नारनौल।** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से बुधवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुरानी मण्डी में स्टेशनरी किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें पढ़ाई की सामग्री उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व भारत माता के वंदन के साथ हुई। इसके बाद परिषद के पदाधिकारियों ने विद्यालय के करीब 80 से अधिक विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, ज्यामिति बॉक्स युक्त स्टेशनरी किट वितरित की। परिषद के अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि शिक्षा से ही सशक्त समाज का निर्माण होता है। इस मौके पर एडवोकेट राजकुमार यादव, मुख्य अध्यापक सतबीर सिंह, संदीप शुक्ला, भगत सिंह सैनी, नरेश गोगिया, नवीन गुप्ता, सुभाष कश्यप, भीम शर्मा, विजय जिंदल, मोहित अग्रवाल, सुचेता गोगिया, मुकेश देवी आदि मौजूद रहे।

---

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में हुआ विज्ञान सेमिनार

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं अनुसंधान की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान सेमिनार आयोजित की गई। यह सेमिनार विज्ञान अध्यापक हरिओम तंवर एवं अविका यादव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सेमिनार में विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा, साइबर सुरक्षा, जैव प्रौद्योगिकी, डिजिटल इंडिया, ग्रीन टेक्नोलॉजी तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे समसामयिक एवं वैज्ञानिक महत्व के विषयों पर शोधपरक और प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने चार्ट, मॉडल एवं डिजिटल प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विज्ञान के जटिल विषयों को सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य रामबीर यादव ने कहा कि विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने वाली सोच है। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने तथा नवाचार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान एवं तकनीक का युग है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता एवं प्रस्तुतीकरण कौशल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। अंत में विज्ञान अध्यापक हरिओम तंवर एवं अविका यादव ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने इस ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन का संकल्प लिया।


महेंद्रगढ़। सेमिनार में भाग लेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एसएस हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर उत्तीर्ण

**नांगल चौधरी।** शहर के एसएस हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स की ओर से एंट्री लेवल प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह प्रमाणन अस्पताल द्वारा मरीजों की सुरक्षा, उपचार की गुणवत्ता व स्वास्थ्य सेवाओं के राष्ट्रीय मानकों का सफलतापूर्वक पालन करने पर मिला है। जिससे मरीजों को जरूरत के अनुसार सूगमता पूर्वक इलाज मिल सकेगा। अस्पताल के संचालक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि यह मान्यता पांच मई 2026 से चार मई 2028 तक प्रभावी रहेगी। एनएबीएच प्रमाणन मिलने के बाद अस्पताल अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थानों की श्रेणी में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि एनएबीएच, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया का एक मान्यता प्राप्त बोर्ड है, जो अस्पतालों में मरीजों की सुरक्षा, उपचार की गुणवत्ता, संक्रमण नियंत्रण, रिकॉर्ड प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं के मानकों का मूल्यांकन करता है। इसके प्रमाणन को देशभर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण पैमाना माना जाता है। नांगल चौधरी एकमात्र अस्पताल को इस मान्यता का गौरव मिला है।

## सीएल पब्लिक स्कूल में हाउसों के कप्तान चुने


नारनौल। हाउसों के कप्तान व उपकप्तान। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही हाउस कप्तानों के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। स्कूल ने अकादमिक प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता, खेलकूद और अनुशासन के आधार पर कप्तानों का चुनाव किया गया। जिसमें एपीजे अब्दुल कलाम हाउस (रेड हाउस) की कप्तान हर्षिका, उपकप्तान जिया, आईजेक न्यूटन हाउस (येलो हाउस) की कप्तान वंशीका, उपकप्तान अकक्षांस, डॉ. सीवी रमन हाउस (ब्लू हाउस) की कप्तान नंदनी, उपकप्तान भव्य, आर्यभट्ट हाउस (ग्रीन हाउस) की कप्तान अनन्या, उपकप्तान प्रिया का चुनाव किया गया। सप्राचार्य रविन्द्र सिंह व मुख्याध्यापिका मौनिका कौशल ने सभी नवनियुक्त हाउस कप्तानों को उनके हाउस रंग के सैश व बैज लगाए। शपथ ग्रहण समारोह में स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल के नेतृत्व में सभी हाउस कप्तानों ने स्कूल के नियमों का पालन करने, निष्पक्षता से काम करने और अपने हाउस को खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे ले जाने की शपथ ली।



### मॉडर्न स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** चामधेड़ा रोड स्थित मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता, टीम भावना तथा आत्मविश्वास का विकास करना था। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में तीन विद्यार्थियों को शामिल किया गया था। प्रतियोगिता को रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए कुल आठ अलग-अलग राउंड आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणामों में टीम एफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 370 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य प्रदीप तंवर ने कहा कि सामान्य ज्ञान केवल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का आधार है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोर्डिनेटर भूपेन्द्र सैनी, सतीश मेहरा, अमन, अनुराधा, निकिता, स्नेहा, राखी तथा अन्य स्टाफ सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### उप स्वास्थ्य केन्द्र की मंजूरी से छापड़ा सलीमपुर में खुशी की लहर

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव छापड़ा सलीमपुर में उस समय खुशी का माहौल देखने को मिला जब स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र की मंजूरी दी गई। इस खुशी के मौके पर ग्रामीणों ने बाबा रूपादास मंदिर परिसर में एकत्रित होकर लड्डू बांटे और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की।ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना से गांव व आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। आरती सिंह राव के समर्थक मेनपाल यादव ने कहा कि यह गांव के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार आएगा। इस मौके पर सरपंच एकता यादव, सरपंच प्रतिनिधि सिंहराज, पूर्व सरपंच राजेन्द्र सिंह, रामरती देवी, दलीप, रामसिंह, रामचंद्र सौदागर, गुलाब नम्बरदार, ईश्वर मिस्त्री, सहीराम, लक्ष्मीनारायण, कुलदीप, शेरसिंह, हवासिंह, बहादुर, मंगल, संजय, विजय सिंह सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक, बुजुर्ग व युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


कनीना। पीले वस्त्र में विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आरआरसीएम पब्लिक स्कूल में जलक्रीड़ा

**कनीना।** आरआरसीएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को पीला परिधान, भोजन गतिविधि तथा जलक्रीड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक इस आयोजन में भाग लिया। विद्यालय की गतिविधि इंचार्ज शीतल यादव ने बताया कि इस गतिविधि में सभी विद्यार्थियों ने पूर्ण रूप से पीलेवस्त्र पहने हुए थे तथा अपने भोजन में भी सभी विद्यार्थी पीले स्वादिष्ट फल एवं पीले खाद्य पदार्थ लेकर आए। सभी बच्चों ने इस गतिविधि का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय के स्विमिंग कोच अंकित की देखरेख में बच्चों ने जलक्रीड़ा का भी आनंद लिया और मनोरंजन किया। संस्था चेयरमैन रोशनलाल ने बच्चों को इस गतिविधि के बारे में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन का भी विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व है। समय-समय पर बच्चों को इस तरह के खेलकूद एवं मनोरंजन करने का अवसर मिलना चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य हरिप्रकाश शर्मा, गतिविधि इंचार्ज शीतल यादव, स्विमिंग कोच अंकित सहित कक्षा चौथी के कक्षा अध्यापक सुनील कुमार एवं अध्यापिका मनीषा उपस्थित रही।

**शिविर** | लावन गांव में विशेष टीबी जांच शिविर लगाया

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत संभावित मरीजों को जांचा

- 149 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की 53 मरीजों के किए गए एक्स-रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज गांव लावन में विशेष टीबी जांच शिविर आयोजित की गई। शिविर का आयोजन पीएचसी इंचार्ज डॉ. पिंकी जांगडा के मार्गदर्शन में किया गया। स्वास्थ्य विभाग नारनौल से पहुंची मोबाइल बस टीम ने जिला एसीएफ कॉर्डिनेटर अजय सिंह, फार्मासिस्ट नीरज, रेडियोग्राफर रजत चौहान, नर्सिंग ऑफिसर फूलचंद, लैब टैकनीशियन मनोज, चालक भीम सिंह ने शिविर में पहुंचे कुल 149 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की। इनमें से 53 मरीजों के एक्स-रे किए गए।

सीएचओ प्रदीप तथा स्वास्थ्य कर्मी अशोक देवनगर द्वारा टीबी के संभावित 14 मरीजों के बलगम के नमूने लेकर निक्षय पोर्टल पर अपलोड किए गए, जिन्हें जांच के लिए कनीना लैब भेजा गया है। शिविर में विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, टीबी रोगियों के संपर्क में आए व्यक्तियों तथा शुगर व बीपी के मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य कर्मी अशोक कुमार और सुनीता देवी ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी रोगियों की पहचान कर रही हैं। निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रत्येक टीबी मरीज को 6,000 रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें से 3,000 रुपये दवा शुरू होते ही पहली किस्त के रूप में दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, वजन का लगातार कम होना, लगातार बुखार और शरीर पर किसी प्रकार की गांठ टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराकर उपचार शुरू कराना चाहिए। एसटीएस पवन कुमार और टीवीएचवी युद्धवीर सिंह ने बताया कि नियमित 6 महीने का कोर्स पूरा करने पर मरीज पूर्णतः ठीक हो जाता है।


महेंद्रगढ़। मरीजों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### इनका रहा सहयोग

शिविर को सफल बनाने में आशा फेसिलेटर मुन्नी देवी, शीला देवी, सुमन तथा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने मरीजों को बुलाने और जांच करवाने में विशेष सहयोग दिया। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और समय पर जांच कराकर टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में अपना सहयोग दिया।



